**वेबसाइटः** www.bankofbaroda.in
**ईमेल:**corp.pr@bankofbaroda.com

**स्थान:** मुंबई **तारीख:**
18.12.2023

**प्रेसविज्ञप्ति**

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा का बॉब ब्रो बचत बनाएगा विद्यार्थियों को सशक्त

- *बॉब ब्रो एक शून्य शेष खाता है, जो विद्यार्थियों को उनकी वित्तीय यात्रा की शुरुआत करने के लिए एक विशेष ऑफ़र प्रदान करता है।*

- *बड़ौदा शिक्षा ऋण पर रियायती ब्याज दर*

- *बॉब ब्रो को बढ़ावा देने के लिए बैंक ने विशिष्ट बैंकिंग साझेदार के रूप में, आईआईटी मुंबई के मूड इंडिगो के साथ साझेदारी की है, जो एशिया का सबसे बड़े कॉलेज फेस्टिवल है।*

**मुंबई, 18 दिसंबर, 2023:** भारत के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने **बॉब ब्रो बचत खाते** की शुरुआत की है - एक ऐसा शून्य शेष बचत खाता जो विशेष रूप से 16 से 25 वर्ष की आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आरंभ किया गया है। विद्यार्थियों की विशेष आवश्यकताओं के अनुरूप निर्मित बॉब ब्रो बचत खाते को इस्तेमाल करना आसान और सरल है, इसमें न्यूनतम शेष की आवश्यकता नहीं है, जीवनभर के लिए मुफ्त डेबिट कार्ड और कई अन्य लाभों के साथ यह विद्यार्थियों तक बैंकिंग की पहुंच को आसान बना रहा है।

बॉब ब्रो बचत खाता विद्यार्थियों के लिए कई ऑफ़र लेकर आया है, जिसमें कोई न्यूनतम शेष की आवश्यकता नहीं है, शिक्षा ऋण पर ब्याज दर में 15 बेसिस प्वाइंट्स तक की छूट है, शिक्षा ऋण पर प्रक्रिया शुल्क में पूर्ण छूट और इलेक्ट्रॉनिक्स, उपभोक्ता वस्तुओं, यात्रा, फूड, फैशन, मनोरंजन, लाइफस्टाइल, किराना और स्वास्थ्य जैसी श्रेणियों में शीर्ष ब्रांडों पर विशेष ऑफ़र के साथ जीवन भर मुफ्त रुपे प्लेटिनम डेबिट कार्ड भी शामिल है।

युवाओं को केंद्र में रखते हुए हुए, बैंक ने आईआईटी मुंबई के वार्षिक छात्र उत्सव और एशिया के सबसे बड़े कॉलेज सांस्कृतिक उत्सव **मूड इंडिगो (मूडी)** के साथ विशेष बैंकिंग भागीदार के रूप में समझौता किया है। इस साल अपने 53वें संस्करण में, मूड इंडिगो 18 से 21 दिसंबर, 2023 तक देश भर के कॉलेज के विद्यार्थियों की मेजबानी करेगा।

इसके अलावा, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने मूड इंडिगो के विद्यार्थियों के लिए खास तौर पर **स्पॉटिफ़ाई** के साथ साझेदारी भी की है। जो भी विद्यार्थी मूड इंडिगो के दौरान बॉब ब्रो बचत खाता खोलेंगे, तो उन्हें एक स्पॉटिफ़ाई मर्चेंडाइज का हैम्पर जीतने का मौका मिलेगा। इसके अलावा, उक्त उत्सव में प्रस्तुति देने वाले कलाकारों के आधार पर 'Bank of Baroda x Mood Indigo' भी स्पॉटिफाई पर स्ट्रीम होगा।

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मुख्य महाप्रबंधक - रिटेल देयताएं और एनआरआई व्यवसाय श्री रवींद्र सिंह नेगी** ने कहा, "आज के युवा अपने बैंक के साथ एक अधिक समृद्ध, व्यक्तिगत और फायदेमंद अनुभव की तलाश में हैं, जो सेवा के साथ सुरक्षा भी दे। बॉब ब्रो बचत खाता युवाओं को बैंकिंग की दुनिया में परिचित कराने के साथ उन्हें एक विशेष उत्पाद प्रस्तुत करता है, जो उनकी विशेष बैंकिंग आवश्यकताओं का ध्यान रखता है और उन्हें उन विशेषताओं और लाभों तक पहुंच प्रदान करता है जिन्हें वे सबसे अधिक महत्व देते हैं। बॉब ब्रो बैंकिंग को सरल बनाता है, जो उन्हें बचत और वित्तीय स्वतंत्रता की दिशा में आसानी से अपनी यात्रा शुरू करने में मदद करता है।"

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा के विपणन और ब्रांडिंग प्रमुख, श्री वी जी सेंथिलकुमार** ने कहा, "तेजी से बदलते परिदृश्य में, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ग्राहकों की नई पीढ़ी के लिए प्रासंगिक और सार्थक बने रहने के लिए लगातार विस्तार और बदलाव कर रहा है। हम पीढ़ियों तक चलने वाले स्थायी संबंध बनाने के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण को अपनाते हैं। मूड इंडिगो के साथ हमारा जुड़ाव इसी के अनुरूप है।"

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने एक उभरता मेटावर्स वातावरण भी बनाया है, जिसे मूड इंडिगो में प्रदर्शित किया जाएगा, जहां विद्यार्थी वर्चुअल / संवर्धित वास्तविकता के माध्यम से विभिन्न डिजिटल भुगतान विकल्पों का अनुभव कर पाएंगे।

**बॉब ब्रो बचत बैंक खाते की मुख्य विशेषताएँ:**

- 16 साल से 25 साल के आयु समूह के लिए शून्य शेष बचत खाता
- लाइफटाइम मुफ्त रुपे प्लेटिनम डेबिट कार्ड, जो अग्रणी ब्रांड्स पर आकर्षक ऑफ़र्स के साथ उपलब्ध है
- कॉम्प्लिमेंट्री घरेलू हवाई अड्डा लाउंज की सुविधा (2 प्रति तिमाही)
- 2 लाख रुपये तक मुफ्त व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर
- ऑटो स्वीप सुविधा उपलब्ध है
- डिजिटल चैनल्स और शाखा के माध्यम से मुफ्त एनईएफटी/आरटीजीएस/आईएमपीएस/यूपीआई की सुविधा
- असीमित मुफ्त चेक लीफ
- मुफ्त एसएमएस/ईमेल अलर्ट्स

- डीमैट एएमसी में 100% तक की छूट
- शून्य प्रक्रिया शुल्क के साथ शिक्षा ऋण पर रियायती ब्याज दरें*
- पात्रता के अनुसार विशेष क्रेडिट कार्ड ऑफ़र

*नियम एवं शर्तें लागू*

बॉब ब्रो बचत खाते के बारे में विस्तृत जानकारी और खाता खोलने के लिए, आप "बॉब ब्रो बचत खाता" लिंक पर क्लिक कर सकते हैं या बैंक ऑफ़ बड़ौदा की निकटतम शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

**बैंक ऑफ बड़ौदा के बारे में**

20 जुलाई, 1908 को महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ III द्वारा स्थापित, बैंक ऑफ़ बड़ौदा भारत के अग्रणी वाणिज्यिक बैंकों में से एक है। 63.97% की हिस्सेदारी पर, इसका मुख्य स्वामित्व भारत सरकार के पास है। बैंक अपने ~165 मिलियन के वैश्विक ग्राहक आधार को पांच महाद्वीपों के 17 देशों में फैले 70,000 से अधिक टच पॉइंट्स और अपने विभिन्न डिजिटल बैंकिंग प्लेटफार्मों के माध्यम से सेवा प्रदान करता है, जो सभी बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं को सहज और परेशानी मुक्त तरीके से प्रदान करते हैं। बैंक का दृष्टिकोण उसके विविध ग्राहक आधार की आकांक्षाओं से मेल खाता है और बैंक के साथ उनके सभी लेनदेन में विश्वास और सुरक्षा की भावना उत्पन्न करता है।

- www.bankofbaroda.in हमें संपर्क करें
- Facebook https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- Twitter https://twitter.com/bankofbaroda
- Instagram https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- YouTube https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- LinkedIn https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

**मीडिया प्रश्नों के लिए कृपया संपर्क करें:**

बैंक ऑफ़ बड़ौदा: फ़िरोज़ा चोकसी | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com

परफेक्ट रिलेशंस: स्नेहा जोशी | +91 9833004482 | Sneha.Joshi@dentsu.com